BECIL
बेसिल

'कौशल विकास प्रशिक्षण के पश्चात नौकरी ''

(लगभग 4000 कुशल एवं अकुशल जनशक्ति के प्रशिक्षण पश्चात तुरंत प्लेसमेंट (नौकरी) के लिए संक्षिप्त विज्ञापन)

विज्ञापन सं.	बीईसीआईएल / जॉब–प्रशिक्षण / विज्ञा. 2020 / 04	
पंजीकरण खुलने की तिथि	27.12.2019	
पंजीकरण बंद होने की तिथि	11.01.2020 विस्तारित तिथि– 28.01.2020	
मेरिट टेस्ट की तिथि	केवल एसएमएस या वेबसाइट द्वारा सूचित किया जाएगा	
मेरिट टेस्ट का सेंटर	वाराणसी, नोएडा एवं लखनऊ	
ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल	www.beciljobs.com	
प्रशिक्षण बैच के प्रारंभ होने की तिथि	पहला बैचः–11.01.2020	चतुर्थ बैच– 25.01.2020
	दूसरा बैचः–15.01.2020	पंचम बैच – 30.01.2020
	तीसरा बैचः–20.01.2020	षष्टम बैच– 01.02.2020
उ. प्र. सरकार के सुनिश्चित न्यूनतम वेतन के साथ उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण सब–स्टेशनों पर 100 प्रतिशत गारंटीड प्लेसमेंट	सफल उम्मीदवारों को 01.02.2020 से तैनाती दी जाएगी। (सर्वप्रथम पंजीकरण क्रमवार के आधार पर)	

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बेसिल), एक *मिनी रत्न*, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, एकौस्टिक एवं ऑडियो–विजुअल सिस्टम सहित टेरेसट्रियल एवं सैटेलाइट ब्रॉडकास्टिंग के विशिष्ट क्षेत्रों, केबल एवं विभिन्न आईटी संबंधित क्षेत्रों में ट्रनकी समाधानों सहित ट्रांसमिशन एवं प्रोडक्शन टेक्नोलॉजीज़ के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों की सलाहकार सेवाएँ प्रदान करने के लिए 24 मार्च, 1995 को गठित किया गया था।

कम्पनी (बेसिल), रा. रा. क्षेत्र दिल्ली की सरकार के श्रम विभाग द्वारा जारी एवं मान्यता प्राप्त दक्षता श्रेणी–1 (इलेक्ट्रिकल) लाइसेंस धारक है और आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 27001:2013, आईएसओ / आईईसी 20000:2012 प्रमाणित है।

- ***बेसिल द्वारा सम्पादित जन–शक्ति प्लेसमेंट सेवाओं के लिए प्रोजेक्ट***

बेसिल ने पिछले कुछ वर्षों में आउटसोर्सिंग के नये क्षेत्रों की शुरुआत द्वारा युवाओं को रोज़गार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बेसिल सरकारी नियमानुसार भर्ती प्रक्रियाओं का पालन करके पूरे देश में विभिन्न सरकारी संगठनों के लिए तकनीकी एवं गैर–तकनीकी जनशक्ति उपलब्ध करा रहा है।

बेसिल ने आवश्यकता के अनुसार कई सरकारी कार्यालयों के लिए ई–गवर्नेंस एवं आईटी, एचआर, वित्त, विपणन आदि के क्षेत्र में तकनीशियन, इंजीनियर, तकनीकी सहायक, प्रोग्रामर, सलाहकार, परामर्शदाता, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, एमटीएस, परिचर, संदेशवाहक, अकुशल, अर्धकुशल एवं कुशल जनशक्ति आदि के रूप में हज़ारों कर्मचारियों एवं व्यावसायिकों को तैनात किया है और यह योग्य उम्मीदवारों का डाटाबेस भी रखता है।

- ***बेसिल द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रम***

बेसिल ने निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित किया और सफलतापूर्वक पूर्ण किया:

1. डिजिटल वायरलाइन ब्रॉडकास्टिंग पर सीएटीवी इंस्टॉलेशन तकनीशियनों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
2. एवी इंस्टॉलेशन लेवल 1 – सिस्टम फैब्रिकेशन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम
3. एवी इंस्टॉलेशन कौशल दिवस के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
4. केबल ऑपरेटरों और केबल ऑपरेटर तकनीशियनों के लिए पीएमकेवीआई के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाग–1 (प्रशिक्षण कार्यक्रम)

❖ ***बिजली क्षेत्र/विद्युत क्षेत्र में प्रशिक्षण की क्या ज़रूरत है?***

भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यह देखा गया है कि कई उम्मीदवारों के पास बिजली कार्य करने में अच्छी दक्षता और तकनीकी ज्ञान है, हालाँकि, उनके पास दस्तावेजी प्रमाण नहीं है, जोकि उनके ज्ञान एवं कौशल को प्रमाणित कर सकें। यहाँ कई अकुशल उम्मीदवार हैं जिनके पास बेसिक शिक्षा (8वीं पास) और बिजली कार्य का प्रायोगिक ज्ञान है लेकिन अपने ज्ञान का कोई प्रमाणपत्र न होने के कारण उन्हें नौकरी में नहीं लिया जाता।

हमारे समाज के कुशल एवं अकुशल युवाओं के लिए रोज़गार के सृजन को ध्यान में रखते हुए बेसिल **33/11 केवी सबस्टेशनों और एलटी/एचटी डिस्ट्रिब्यूशन लाइनों के प्रचालन/रखरखाव** को शामिल करते हुए बिजली क्षेत्र/विद्युत क्षेत्र में कुशल एवं अकुशल जनशक्ति के लिए प्रशिक्षण शुरू करने जा रहा है।

इसलिए, बेसिल उम्मीदवारों को **प्रमाणित जॉब केन्द्रित कौशल विकास प्रशिक्षण** प्रदान करने का सुनहरा अवसर दे रहा है। बेसिल क्लास एवं लैबोरेटरी एरिया में अपनी क्षमता, प्लेसमेंट/उद्यमिता काउंसिल सेल और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुविधाएँ, जैसे, प्राथमिक चिकित्सा किट और अग्निशमन उपकरणों आदि के संबंध में प्रमाणन मानकों के लिए ग्रेडिंग मैट्रिक्स का भी पालन कर रहा है। ट्रेनिंग मॉड्यूल की विशेषताएँ निम्नानुसार हैं:

❖ **कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमः–**

क्र. सं.	ट्रेड/प्रशिक्षण कार्यक्रम का शीर्षक	प्रशिक्षण कार्क्रम का स्थान	योग्यता/अर्हता मापदंड	अवधि	पाठ्यक्रम शुल्क (रु. में)	प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड
1.	33/11 केवी सब स्टेशन के प्रचालन एवं रखरखाव के दौरान डिस्चार्ज रॉड का प्रचालन कैसे करें एवं सुरक्षा उपाय सहित **बेसिक परिकल्पना प्लस व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग।**	नोएडा लखनऊ वाराणसी मेरठ बुलंदशहर	एनसीवीटी या एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त इलेक्ट्रिकल ट्रेड या वायरमैन में आईटीआई प्रमाणपत्र या इंजीनियरिंग में उच्च तकनीकी डिग्री डिप्लोमा, और या इलेक्ट्रिकल सुरक्षा के लिए ओवरहेड प्रमाणपत्र धारण किया हो। इलेक्ट्रिकल्स में न्यूनतम दो वर्षों अनुभव के साथ।	7 दिन	6,000/-	नहीं
2.	**33/11 केवी सब–स्टेशन के इलेक्ट्रिकल उपकरणों का बेसिक ज्ञान और सुरक्षा उपाय**	नोएडा लखनऊ वाराणसी मेरठ बुलंदशहर	————————वही———————	15 दिन	11,000/-	नहीं
3.	**33/11 केवी सब–स्टेशन के इलेक्ट्रिकल उपकरणों का बेसिक ज्ञान और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग (सुरक्षा उपाय)**	नोएडा लखनऊ वाराणसी मेरठ बुलंदशहर	————————वही———————	30 दिन	15,000/-	हाँ
4.	**33/11 केवी सब–स्टेशन के इलेक्ट्रिकल उपकरणों का बेसिक ज्ञान और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग (सुरक्षा उपाय)**	नोएडा लखनऊ वाराणसी मेरठ बुलंदशहर	किसी राज्य शिक्षा बोर्ड या समकक्ष संस्थान से 8वीं उत्तीर्ण के साथ अधिमानतः इलेक्ट्रिकल विषय में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव	30 दिन	15,000/-	हाँ

नोटः–

1) *अपने मेरिट टेस्ट में रैंकिंग के आधार पर उन्हें उपरोक्त ट्रेड प्रदान किये जाएंगे। मेरिट टेस्ट में लिखित परीक्षा/समूह चर्चा और विद्युत वितरण लाइनों/सब–स्टेशनों के बारे में पावर–पॉइन्ट (पीपीटी) पर प्रस्तुतिकरण शामिल है।*

2) *उम्मीदवार जिन्होंने क्र. सं. 1 से 3 तक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, उन्हें उ. प्र. सरकार के सुनिश्चित न्यूनतम वेतन के साथ उत्तर प्रदेश के 33/11 केवी विद्युत वितरण सबस्टेशनों के सब–स्टेशन में कुशल जनशक्ति (एसएसओ/लाइनमैन) के पद पर रखा जाएगा।*

3) *उम्मीदवार जिन्होंने क्र. सं. 4 का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, उन्हें उ. प्र. सरकार के सुनिश्चित न्यूनतम वेतन के साथ उत्तर प्रदेश के 33/11 केवी विद्युत वितरण सबस्टेशनों के सब–स्टेशन में अकुशल जनशक्ति (सहायक लाइनमैन) के पद पर रखा जाएगा।*

4) *बेसिल आपका प्लेसमेंट सुनिश्चित करता है लेकिन आपकी पंसद के स्थान पर प्लेसमेंट देने के लिए बाध्यकारी नहीं है।*

5) **प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुल्क केवल मेरिट टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले सफल उम्मीदवारों से ही स्वीकार किया जाएगा।**

6) *नियुक्ति का अनुमानित स्थान गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, भदोई, मिर्ज़ापुर, जौनपुर, मेरठ, नोएडा, बुलंदशहर, उन्नाव, गौरीगंज, सीतापुर, हरदोई और अम्बेडकर नगर/अकबरपुर हैं।*

7) *कुशल कर्मचारियों के लिएः उम्मीदवारों के पास हिन्दी एवं अंग्रेज़ी पढ़ने एवं लिखने का ज्ञान होना चाहिए।*

8) *अकुशल कर्मचारियों के लिएः उम्मीदवारों के पास हिन्दी पढ़ने एवं लिखने तथा कम से कम अंग्रेज़ी पढ़ने का ज्ञान होना चाहिए।*

9) उम्मीदवारों को 30 दिनों की कुल अवधि, जो कि **दो भागों** में बाँटी जाएगी, के लिए जॉब विनिर्दिष्ट भूमिका के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

   (i) 15 दिनों के लिए इन–हाउस प्रशिक्षण

   (ii) 15 दिनों के लिए ऑन–साइट प्रशिक्षण

<u>चयन मापदंड</u>

उम्मीदवारों को निम्नानुसार उनके मेरिट के आधार पर प्रशिक्षण के लिए चयनित किया जाएगाः

क) जो उम्मीदवार न्यूनतम 90% अंक प्राप्त करेंगे, वे ***निःशुल्क प्रशिक्षण*** के लिए पात्र होंगे।

ख) जो उम्मीदवार न्यूनतम 80% अंक प्राप्त करेंगे, वे ***क्र. सं. 1 के लिए भुगतान पर प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे (प्रशिक्षण लागत रु.6,000)***

ग) जो उम्मीदवार न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करेंगे, वे ***क्र. सं. 2 के लिए भुगतान पर प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे (प्रशिक्षण लागत रु.11,000)***

घ) जो उम्मीदवार न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करेंगे, वे ***ऑन–साइट प्रशिक्षण के दौरान 15 दिनों के स्टाइपेंड के साथ क्र. सं. 3 एवं 4 के लिए भुगतान पर प्रशिक्षण के पात्र होंगे (प्रशिक्षण लागत रु.15,000)***

❖ ***प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में अन्य जानकारी***

i. ***बैच साइज़:*** प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उम्मीदवारों की संख्या 30–40 होती है।

ii. ***फैकल्टी:*** इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए बेसिल से विशेषज्ञ और विद्युत क्षेत्र से प्रशिक्षित इलेक्ट्रिसिटी इंजीनियरों से शामिल फैकल्टी शामिल है।

iii. ***प्रशिक्षण अवसंरचना और सुविधाएँ:*** प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रायोगिक प्रशिक्षण के लिए लैब–सेट अप और अच्छे दस्तावेज़ों के साथ पाठ्यक्रम विषय–वस्तु के साथ होगी।

iv. ***प्रशिक्षण सामग्री:*** प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लंच एवं चाय/स्नैक्स सहित प्रशिक्षण सामग्री/टूल्स एवं किट प्रदान किया जाएगा।

v. ***प्रमाणपत्र:*** प्रत्येक उम्मीदवार को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कौशल विकास और कॅरीयर बनाने में सहायता करेगा।

vi. ***रहना एवं परिवहन:*** प्रतिभागियों को प्रशिक्षण स्थल पर रहने एवं आने एवं जाने के लिए स्वयं अपनी व्यवस्था करनी होगी।

vii. ***पंजीकरण शुल्क:*** निम्नलिखित बैंक विवरणों के अनुसार **ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड** के पक्ष में केवल एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा सामान्य एवं पिछड़ी जाति उम्मीदवारों के लिए रु.500/– (पांच सौ रुपए मात्र) एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीएच उम्मीदवारों के लिए रु.250/– (दो सौ पचास रुपए मात्र) गैर–वापसी (Non-refundble)योग्य पंजीकरण शुल्क है:

खाताधारक का नाम	:	ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड **(BROADCAST ENGINEERING CONSULATANTS INDIA LIMITED)**
बैंक का नाम	:	**कॉर्पोरेशन बैंक (CORPORATION BANK)**
खाता सं.	:	**510341000702746**
आईएफएससी	:	**CORP0000371**
शाखा का पता	:	**कॉर्पोरेशन बैंक, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003**

viii. **आवेदन पत्र को जमा करने की अंतिम तिथि 28.01.2020 है।**

ix. इच्छुक उम्मीदवार **www.beciljobs.com** पर ऑनलाइन आवेदन जमा करें। इसके साथ शिक्षा/अनुभव प्रमाण पत्रों की स्कैन की गई प्रतियाँ, दो पासपोर्ट फोटो, पैन कार्ड, आधार कार्ड भी अपलोड करें। इन दस्तावेज़ों को भौतिक रूप में जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

❖ **महत्वपूर्ण सूचना:** बेसिल का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य उम्मीदवारों की क्षमता, कौशल और सुरक्षा का विकास करने के साथ–साथ उन्हें विद्युत क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा/प्रशिक्षण देकर रोज़गार योग्य बनाना है।

❖ ***बेसिल के पास पूर्व सूचना दिए बिना कभी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम रद्द कर देने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। हालाँकि, इन स्थितियों में, उम्मीदवार के शुल्क वापस कर दिए जाएंगे।***

❖ *बेसिल ट्रेनिंग मॉड्यूल और कोर्स कंटेंट*

इलेक्ट्रिकल सुरक्षा पर बीईसीआईएल का विशेष ध्यान

उद्देश्य – ऊँचाई में कार्य करते समय कार्य के जोखिमों की पहचान करना और मानव चोट एवं क्षति को रोकने के लिए ज़रूरी सुरक्षा उपाय करना।

ऊँचाई में कार्य करना व्यावसायिक प्राणघातकों और प्रमुख चोटें लगने के सबसे बड़े कारणों में से एक है।

खतरा एवं जोखिमः– किसी श्रमिक को होने वाले नुकसान के संभावित स्रोत को खतरे के रूप में संदर्भित किया जाता है और किसी एक हानि का घटना और उस हानि की गंभीरता की संभावना के संयोजन को जोखिम के रूप में संदर्भित किया जाता है।

ऊँचाई के खतरों, सीढ़ी से संबंधित खतरों, सीढ़ी संबंधित खतरों, आदि बिजली सुरक्षा पर काम करने पर ध्यान देना। मचान के विभिन्न उपयोग पर ध्यान देनाः– एक अस्थाई संरचना, जोकि एक से अधिक प्लैटफार्म को स्पोर्ट करती है, निर्माण, रखरखाव, मरम्मत एवं विध्वंस के दौरान कामगार, प्लांट एवं सामग्री को बढ़ावा देती है, बॉडी स्पोर्ट सामान और सहायक सामग्री एवं सुरक्षा जाल के उपयोग पर ध्यान केन्द्रित करती है।

1. *कुशल जनशक्ति के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल इलेक्ट्रिशियन/(एसएसओ/लाइनमैन) (तकनीशियन):–*

क. यह कौशल विकास पैक तकनीशियन अटेंडेंट सब–स्टेशन (33/11 केवी) पावर डिस्ट्रिब्यूशन के लिए है, जिसे विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद द्वारा निर्धारित सब–स्टेशन ऑपरेटर (एसएसओ) के रूप में भी जाना जाता है।

ख. सबस्टेशन जनशक्ति को शामिल करते हुए कार्यशील पहलू।

ग. फील्ड स्टाफ (मेंटेनेंस गैंग) को शामिल करते हुए कार्यशील पहलू।

घ. प्रशिक्षण विषय वस्तुओं के विवरण **संलग्नक – I** में दिया गया है।

2. *अकुशल जनशक्ति के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल (असिस्टेंट लाइनमैन)*

क. यह कौशल विकास पैक लाइनमैन अटेंडेंट सब–स्टेशन (33/11केवी) पावर डिस्ट्रिब्यूशन के लिए है, जिसे विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद द्वारा लाइनमैन के लिए निर्धारित किया गया है।

ख. लाइनमैन ओवरहेड एवं भूमिगत इलेक्ट्रिकल डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम का प्रचालन, रखरखाव एवं मरम्मत करता है।

ग. प्रमुख दायित्वों (सबस्टेशन एवं फील्ड स्टाफ के लिए) को शामिल करते हुए कार्यशील पहलू।

घ. बेसिल प्रशिक्षण मॉड्यूल लाइनमैन के लिए विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद द्वारा निर्धारित सब–स्टेशन पावर डिस्ट्रिब्यूशन लाइनों की मरम्मत एवं रखरखाव को भी कवर करता है।

ङ. प्रशिक्षण विषय वस्तु का विवरण **संलग्नक – II** में दिया गया है।

भाग–2 (नियुक्ति)

❖ ***नियुक्ति के नियम व शर्तें***

वे उम्मीदवार जिन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और प्रशिक्षण के दौरान न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किये हैं, उन्हें निम्नलिखित नियम व शर्तों के अनुसार सरकारी प्रोजेक्ट, जैसे, उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण सबस्टेशनों पर प्लेसमेंट हेतु विचार किया जाएगाः

1. नौकरी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होने चाहिएँ और ड्यूटी के दौरान किसी भी ड्रग या शराब का सेवन करने की आदत नहीं होनी चाहिए तथा उनके पास उन्हें सौंपे गए कार्य के बारे में पूरा ज्ञान एवं अनुभव होना चाहिए। यदि यह पाया जाता है कि ऐसे कर्मचारी द्वारा अपनी गलती से नियोक्ता की किसी सम्पत्ति/हित को नुकसान पहुचाया है तो उसकी भरपाई उसी से की जाएगी तथा उसे तत्काल नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

2. उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जोकि पहले समान प्रकार के लिए कार्यों के लिए नियुक्त किये गये थे या जिन्होंने 33/11 केवी सबस्टेशनों एवं एलटी/एचटी वितरण लाइनों के प्रचालन एवं रखरखाव तथा किसी सरकारी संगठन से ऐसे अन्य समान कार्यो पर ''जॉब केन्द्रित कौशल विकास प्रशिक्षण'' को पूरा किया है।

3. कर्मचारी को प्रधान नियोक्ता से प्राप्त पारिश्रमिक के अधीन न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 (उत्तर प्रदेश की सरकार के अनुसार) वेतन का भुगतान किया जाएगा।

4. संबंधित सांविधिक अधिनियमों के अनुसार कर्मचारी के उपरोक्त वेतन से ईपीएफ, ईएसआई अंशदान और अन्य सभी सांविधिक राशि की कटौती की जाएगी।

5. ग्रामीण क्षेत्र जहाँ ईएसआई सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहाँ पर कर्मचारियों को कामगार क्षतिपूर्ति पॉलिसी दी जाएगी।

6. कर्त्तव्यों के निष्पादन के दौरान, यदि कर्मचारियों को कोई चोट लगती है, तो वे ईएसआई अधिनियम में वर्णित सीमा के अधीन क्षतिपूर्ति का दावा करने के पात्र होंगे और राष्ट्रीय बीमा कम्पनी द्वारा व्यक्तिगत दुर्घटना पालिसी (रु.5 लाख तक) देय होगी। कोई भी अन्य दावों का भुगतान प्रधान कर्मचारी या ठेकेदार द्वारा नहीं किया जाएगा।

7. चयन निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा और रिक्तियों की संख्या प्रधान नियोक्ता की आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

8. टेस्ट/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उम्मीदवार को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

9. नियुक्ति का स्थान/ड्यूटी स्थल प्रत्येक तीन माह में स्थानांतरणीय हो सकता है और कार्य/प्रोजेक्ट के हित के अनुसार प्रधान नियोक्ता/ठेकेदार द्वारा अपेक्षित अनुसार होगा। हालाँकि, प्रारंभ में नियुक्ति उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण सबस्टेशनों के किसी भी सर्कल में की जा सकती है।

10. **चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति के समय मूल दस्तावेज़ों के स्व–सत्यापित फोटोकॉपी के दो सेट के साथ दस्तावेज़ों के सत्यापन के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभव के अपने मूल दस्तावेज़ों को लाना होगा।**

11. प्रधान नियोक्ता और ठेकेदार के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिये अनुबंध को निरस्त करने या प्रधान नियोक्ता की आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने के पूर्ण अधिकार सुरक्षित हैं।

12. यदि यह पाया जाता है कि किसी भी उम्मीदवार ने किसी भी रूप में चयन के लिए घूस का प्रस्ताव किया है/घूस दी है, तो उसकी उम्मीदवारी को तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा और उसे भविष्य में कम्पनी में किसी भी सेवा के लिए आवेदन करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इस प्रकार का कृत्य पूर्णतया प्रतिबंधित है। इसके अलावा, यह भी सलाह दी जाती है कि उम्मीदवार प्रधान नियोक्ता/ठेकेदार का प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई भी पैसा न दें।

13. चयनित उम्मीदवारों को 01.02.2020 से उत्तर प्रदेश के किसी भी विद्युत वितरण सबस्टेशन पर नियुक्ति दी जाएगी।

- ***अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:***

ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटरः

ई–मेलः beciljobs@becil.com
मोबाइल नं.***8929100947, 8929100949, 8929100950, 9899955261***

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
के लिए और उसकी ओर से

हस्ता./–
अवधेश पंडित
डीजीएम (एफएण्डए)/बोर्ड के सचिव

एनेक्सर–I

बेसिल ट्रेनिंग मॉड्यूल और कोर्स कंटेंट स्किल्ड जन शक्ति के लिए – इलेक्ट्रिशियन/वायरमैन/टेक्निशियन

क. **यह स्किल डेवेलपमेंट पैक टेक्निशियन एटेंडेंट सब–स्टेशन (33/11केवी) पावर डिस्ट्रिब्यूशन के लिए है, यह टेक्नीशियन के लिए विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद के निर्देशानुसार है। विवरण नीचे दिए गए हैं:–**

सर्विस स्टेशन 33/11 किवॉ. पावर डिस्ट्रिब्यूशन के टेक्निशियन के काम में शामिल हैं, स्टेशन से निकले प्रत्येक फीडर में बिजली की हर घंटे निगरानी और रिकॉर्ड करना, सभी तकनीकी कार्यों का ध्यान रखना, जैसे कि, स्विच गीयर का परिचालन, शट डाउन की व्यवस्था, पीटीडब्ल्यू आदि, जोकि स्टेशन के स्विच यार्ड में लगे विभिन्न उपकरणों को सुचारू रखने के लिए आवश्यक मरम्मत का काम।

इसके अतिरिक्त, टेक्निशियन का काम अंदर और बाहर के सभी उपकरणों को अच्छी तरह सुचारू रखना है। टेक्निशियन दैनिक लॉग शीट तैयार करेगा। उसमें हर घंटे बिजली के मानकों, बिजली की रीडिंग आदि नोट करेगा। वह मरम्मत एवं मेंटेनेंस के लिए किए गए सभी कार्यों की सामान्य डायरी तैयार रखेगा। ओएवंएम स्टाफ के लिए शटडाउन का पीटीडब्ल्यू जारी करेगा और इसी तरह उनने क्लियरेंस मिलने के बाद दोबारा बिजली चालू करेगा। टेक्निशियन सिस्टम कंट्रोल के साथ तालमेल भी रखेगा। लोड डिस्पैच सेंटर से लोड फ्लो प्रबंधन और नियतकालिक शेडिंग करेगा।

टेक्निशियन स्विच गीयर के काम में दक्ष हो और उसे सबस्टेशन के अंदर और बाहर के उपकरणों का ज्ञान के साथ डाटा लॉग–इन करने की जानकारी हो। उम्मीदवार में संपर्क करने, पढ़ने, लिखने, देर तक काम करने, लोगों का गुस्सा शांत करने और टीम को गाइड करने की क्षमता हो।

ख. **सबस्टेशन के कार्मिकों के लिए विभिन्न कार्य:–**

- सबस्टेशनों के अंदर स्टेशन के उपकरणों के कार्य पर निरंतर ध्यान रखना, खास कर यदि विभिन्न मीटर और गेज से दोबारा सील किए गए हों। स्विच बोर्ड के उपकरणों का ध्यान रखना ताकि परिचालन में कुछ असहज हो तो पता चल जाए और उचित कदम उठा कर उपकरण को दोबारा सामान्य स्थिति बहाल कर दे या ज़रूरी हो तो उस उपकरण को सेवा से बाहर निकाल दे।
- डिस्कनेक्शन (नों) का सारांश इसके लिए निर्धारित प्रारूप में तैयार करे।
- सबस्टेशन के उपकरण को स्विच ऑन करे और मेंटेन करे ताकि वे सुचारू रहें।
- उपकरण को परिचालन के लिए तैयार करना और यूनिटों को चालू, बंद और नियंत्रित करना, ज़रूरत के अनुसार लोड और वोल्टेज और यदि उपकरण को नियंत्रित करते उपकरण का संतुलन करना।
- स्विचिंग का कार्य परिचालनों के निर्धारित मानक परिचालन प्रक्रियाओं के अनुसार करना।
- नियमित और आपातकालीन सभी कार्य परिचालनों का दैनिक लॉग तैयार करना और लाइन आउटेज और मौसम के हालों के बारे में रिपोर्ट देना। इंडिकेटिंग और इंटिग्रेटिंग मीटरों की हर घंटे की रीडिंग और इनमें हुए बदलावों को लिखना और रिकॉर्ड करने वाले उपकरणों के चार्ट देखना।
- सामान्य स्थिति और आपातकाल में स्वतंत्र रूप से फटाफट कार्यों को संभालना जिसके तहत स्विच के कार्य, लोड और/या वोल्टेज एड्जस्ट करना या फिर आग बुझाना भी शामिल होगा।
- प्लांट और सबस्टेशन के सभी उपकरणों के लिए निर्धारित सुरक्षित क्लियरेंस की प्रक्रियाओं से सुरक्षा टैग जारी करना।
- लोड में परिवर्तनों को नोट करना और किसी भी तत्काल पर्यवेक्षण के बिना खुद परिवर्तन के अनुसार सामान्य एड्जस्टमेंट करना। यदि असामान्य स्थितियाँ हों तो सुपरवाइज़र को सूचित करना।
- स्टेशन के अंदर और बाहर नियमित निगरानी रखना ताकि संयंत्रों के सही से परिचालन न होने का पता चले और सुरक्षा कायम रहे। सामान्य एड्जस्टमेंट और मरम्मत करना।

- समस्या का विश्लेषण कर जानना कि किस तरह की मरम्मत चाहिए और उचित कार्मिक को सूचित करना।
- मुख्य कार्य से जुड़े अन्य कार्यों या संबंधित दायित्वों को पूरा करना, जैसे, स्टोरेज बैटरियों में पानी डालना, साफ करना और सामान्य रखरखाव (हाउसकीपिंग) करना और टेलीफोन पर जनता की शिकायतें दर्ज करना।
- यदि ज़रूरत हो तो स्टेशन के सार्वजनिक दौरे पर जाना।
- यदि जरूरत हो तो सब–डिस्पैचिंग करना।
- एमर्जेन्सी के लिए स्पेयर/टूल्स तैयार रखना।
- प्रशिक्षण लेने वालों की मदद करना।
- यदि जरूरत हुई तो युटिलिटी मैन की जिम्मेदारियाँ निभाना।
- अन्य कार्यों को करना क्योंकि निर्धारित कार्य प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार बदल जाएंगे।

ग. <u>फील्ड स्टाफ के कार्य (मेंटेनेंस गैंग)</u>:–

- कनेक्शन काटने के कार्य में मदद करना – प्रभारी इंजीनियर या अधिकृत प्रतिनिधि के निर्देश और दी गई लिस्ट के अनुसार एरिया के नियमित/अनियमित उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट देना। सूची में मौजूद उपभोक्ताओं के बारे में ज़रूरी जानकारी जुटाना और शेड्यूल के अनुसार निर्धारित प्रारूप में ज़ोन की रिपोर्ट देना। कनेक्शन काटने के मामले पर निगरानी रखना। कनेक्शन (नों) को काटने का सारांश निर्धारित प्रारूप में तैयार करना।
- एलटी लाइन मेंटेनेंस में मदद करना – खुद एलटी लाइन मेंटेन करना या डिपार्टमेंटल गैंग को इसमें मदद करना। स्टोर से ज़रूरी मेटीयिरल/सेक्शन होल्डर, साथ ले जाने के लिए औज़ारों की व्यवस्था करना और स्टोर से साइट पर मेटीरियल पहुँचने और वापस आने का ध्यान रखना। यह सब प्रभारी इंजीनियरों के निर्देश के अनुसार करना होगा।
- एलटी उपभोक्ताओं के एफओसी सही करने में मदद करना – प्रभारी इंजीनियरों के निर्देश के अनुसार फ़्यूज़ ऑफ के कॉल्स पर उचित कार्यवाही में डिपार्टमेंटल गैंग की मदद करना।
- अन्य कार्यों, जैसे, लाइन और डीटी सबस्टेशनों आदि के निर्माण में मदद करना।
- एचटी के मेंटेनेंस कार्य में मदद करना।
- प्रभारी इंजीनियरों के निर्देश के अनुसार सभी रिकॉर्ड को सही से रखना और नियमित कार्यों का रिकॉर्ड रखना।
- आम जनता, उपभोक्ता और विभागीय कार्मिकों से अच्छा संबंध बना के रखना।
- क्रेता/सेवा लेने वालों द्वारा समय–समय पर दी गई सूचना के अनुसार अपने कार्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करना।
- अधिकारियों/ऑफिस में कार्यरत लोगों के विभिन्न एवं अन्यान्य कार्यों को करना और प्रभारी अधिकारी द्वारा दिए गए अन्य कार्यों को करना।

एनेक्सर–II

<u>बेसिल ट्रेनिंग मॉड्यूल और कोर्स कंटेंट अन–स्किल्ड मानव शक्ति के लिए (इलेक्ट्रिकल एसिस्टेंट लाइनमैन):–</u>

क. **<u>यह स्किल डेवेलपमेंट पैक लाइनमैन एटेंडेंट सब–स्टेशन (33/11 किवॉ) पावर डिस्ट्रिब्यूशन के लिए है। लाइनमैन के लिए विद्युत क्षेत्र कौशल परषिद ने निर्देश दिया है।</u> विवरण नीचे दिए गए हैं:–**
<u>लाइनमैन का काम ओवरहेड और अंडरग्राउंड बिजली आपूर्ति व्यवस्था का परिचालन, मेंटेनेंस और मरम्मत करना है।</u>

इसके लिए नियुक्ति व्यक्ति का काम स्थायी, लकड़ी, लैमिनेट और कॉन्क्रीट पोल, स्ट्रक्चर और इनसे जुड़े अन्य हार्डवेयर को मेंटेन करना और बदलना है। ये ओवरहेड और अंडरग्राउंड बिजली के वायर, केबल और संबंधित उपकरण, जैसे, इंसुलेटर, कंडक्टर, लाइटनिंग अरेस्टर, स्विच, मीटरिंग सिस्टम, ट्रांस्फॉर्मर और लाइटिंग सिस्टम इंस्टॉल, मेंटेन और मरम्मत करते हैं। ब्रेकडाउन होने पर उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने जाते हैं और कनेक्शनों को रिलीज़ और रिस्टोर करने के उनके निवेदन पर उचित कार्यवाही करते हैं। स्ट्रीट लाइट मेंटेन करने की जिम्मेदारी भी संभालते हैं।

लाइन मैन के लिए आवश्यक क्षमताएँ: अपने कार्यों को सुरक्षित पूरा करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम हो। इसमें दिव्यांग भी हो सकते हैं, जोकि तर्कसंगत परिवर्तन (प्रक्रिया बदल कर) कर के या उसके बिना काम पूरा कर सकते हैं। उम्मीदवार का विभिन्न ऊँचाइयों की सीढ़ियों, स्कैफोल्डों, पोलों और टावरों पर चढ़ने में सक्षम होना आवश्यक है। साथ ही, एटिक्स, मैनहोल जैसे संकुचित स्थानों के अंदर रेंग कर पहुँचने और कार्य करने और एक जगह से दूसरे जगह क्रॉल करने में सक्षम होना आवश्यक है। यह अनिवार्य है कि उम्मीदवार निर्देशों और चेतावनियों को पढ़ने, सुनने और समझने में सक्षम हो।

ख. **<u>प्रमुख कर्तव्यों को कवर करता हुआ कार्य पहलू (सबस्टेशन और फील्ड स्टाफ के लिए):–</u>**

- कनेक्शन काटने में मदद करना– यदि कनेक्शन काटने संबंधी सूची पर विधिवत् प्रभारी इंजीनियर के हस्ताक्षर के साथ उसके निर्देशानुसार कार्यरत लाइन मैन को कोई मदद चाहिए तो वह करना, जैसे कि, सीढ़ी ले जाना, लाइनमैन के औजारों का थैला, आदि ले जाना। सूची में शामिल उपभोक्ताओं की जानकारी रखना ज़ोन की रिपोर्ट शेड्यूल के अनुसार निर्धारित प्रारूप में पेश करना। कनेक्शन काटने के समय मौजूद रह कर नजर रखना और किसी कटे हुए कनेक्शन को औपचारिकताएँ पूरी किए बिना कनेक्शन जुड़े रह जाने का मामला सामने आए तो रिपोर्ट करना।
- एलटी लाइन के मेंटेनेंस में मदद करना– एलटी लाइन के मेंटेनेंस में डिपार्टमेंट गैंग की सहायता प्रदान करना। रस्सी को कस कर पकड़े रखना और स्टोर से साइट तक औज़ारों और मेटीरियल्स को पहुँचाना और वापस लाना। यह सब प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार करना।
- एलटी उपभोक्ता के परिसर में उपभोक्ताआ के फॉल्ट के विरुद्ध परिचालन (एफओसी) में सहायता करना– प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार फ़्यूज़ ऑफ़ कॉल पर काम करते डिपार्टमेंट गैंग की सहायता करना। सीढ़ी और टूल बैग आदि ले जाना।
- कंस्ट्रक्शन जैसे अन्य कार्यों में भी सहायता करना।
- एचटी मेंटेनेंस के काम में सहायता करना।
- उचित रूप से रिकॉर्ड सुरक्षित रखना, उचित मार्गदर्शन में उपकरण साफ रखना और सब–स्टेशन के अन्य नियमित कार्य करना।
- क्रेता/सेवा प्राप्त करने वालों की समय–समय पर सूचना का पालन करना और तदनुसार कार्यों की भूमिकाएँ और दायित्वों को संभालना।
- अधिकारियों/अधिकृत व्यक्तियों के लिए विभिन्न एवं अन्यान्य कार्यों को करना और प्रभारी अधिकारी द्वारा दिए गए कार्य करना।

ग. बेसिल ट्रेनिंग मॉड्यूल में सब–स्टेशन विद्युत वितरण लाइन्स की मरम्मत और मेंटेनेंस के लिए लाइनमैन हेतु विद्युत क्षेत्र कौशल परिषद द्वारा निर्देश उपलब्ध हैं।

****